# बैठक की कार्यवाही का विवरण (12.07.2019)

आज दिनांक 12.7.2019 को दोपहर 12 बजे पश्चात् स्टाफ ~~कल्चरल~~ कौंसिल की पहली बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें निम्न सदस्यगण उपस्थित थे :-

1. डॉ. एस. के. सैनी- प्राचार्य
2. श्री श्रीराम सैनी
3. श्री धीरज सक्सेना
4. श्री मनीष कुंदना
5. श्री अनिल कुमार सैनी

आज की स्टाफ कौंसिल बैठक में प्राचार्य डॉ. एस. के. सैनी द्वारा कल दिनांक 13.07.2019 को कॉलेज में होने वाली राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा 2019 के सफल संचालन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व प्रतिभागियों को केन्द्र में प्रवेश देना तथा ओ.एम.आर. शीट व प्रश्न पत्रों को प्रतिभागियों में वितरण तथा उनसे प्राप्त कर समुचित तरीके से परीक्षा समाप्ति के पश्चात आंसर शीट को नोडल कॉलेज राजकीय लोहिया महाविद्यालय में जमा करवाकर संबंधित सूचनाएं स्प्रेडशीट पर अपडेट करने बाबत इत्यादि जानकारी एवं निर्देश दिए गए तथा परीक्षा के सफल संचालन के लिए स्टाफ सदस्यों को अग्रिम शुभकामनाएं दी।

इसी के साथ धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया।

अनुमोदन किया गया

15.09.2020

# बैठक की कार्यवाही का विवरण

(15.09.2020)

आज दिनांक 15.09.2020 को दोपहर 12 बजे कक्षा संख्या 14 में स्टाफ कौंसिल की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें निम्न सदस्यगण उपस्थित रहे -

1. डॉ. एस. के. सैनी (प्राचार्य)
2. श्री श्रीराम सैनी
3. श्री धीरज सक्सैना
4. श्री मनीष केदना
5. श्री अनिल कुमार सैनी
6. श्री महावीर प्रसाद

आज की स्टाफ कौंसिल बैठक में प्राचार्य डॉ. एस. के. सैनी द्वारा दिनांक 18.09.2020 से शुरू होने वाली विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के आयोजन के सम्बंध में दिशा-निर्देश जारी किये गए। इस सबंध में प्राचार्य महोदय ने बताया कि महाविद्यालय को पहली बार परीक्षा-केन्द्र का आवंटन हुआ है। वर्तमान में कोरोना जैसी विषम परिस्थिति में परीक्षा का सफलतापूर्वक संचालन एक चुनौती है लेकिन विद्यार्थी के हित एवं सुरक्षा को ध्यान में रखना भी आवश्यक है। कोविड-19 की परिस्थिति के मध्यनजर विद्यार्थियों को सामाजिक-दूरी की भी अनुपालना करवानी है एवं महाविद्यालय भवन को नियमित तौर पर सेनेटाइज करवाना है।

बैठक में प्राचार्य महोदय ने परीक्षा को लेकर संकाय सदस्यों एवं प्रशासनिक कर्मचारियों के सवालों का जबाव दिया एवं बैठक-व्यवस्था के सम्बंध में भी चर्चा की। प्राचार्य महोदय ने परीक्षा में अनुशासन को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने के सम्बंध में भी निर्देश जारी किये तथा परीक्षा के सफल संचालन के लिए स्टाफ को अग्रिम शुभकामनाएँ दी तथा इसी के साथ धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया।

अनुमोदित

..07.2021

# बैठक की कार्यवाही का विवरण

(01.07.2021)

आज दिनांक 01.07.2021 को दोपहर 12 बजे कक्ष सं. 06 में स्टाफ कौंसिल की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें निम्न सदस्यगण उपस्थित रहे -

1. डॉ. एस. के. सैनी (प्राचार्य) [signature]
2. श्री श्रीराम सैनी [signature]
3. श्री धीरज सक्सेना [signature]
4. श्री मनोज कुंदरा [signature]
5. श्री अनिल कुमार सैनी [signature]
6. श्री महावीर प्रसाद [signature]

आज की स्टाफ कौंसिल बैठक में प्राचार्य डॉ. एस. के. सैनी द्वारा बैठक की कार्यवाही का प्रारंभ किया गया। कार्यवाही के प्रारम्भ में प्राचार्य महोदय ने ग्रीष्मकाल के दौरान अवकाश की अवधि में महाविद्यालय में किये गये विकास कार्यों की सूचना सभी सदस्यगणों के साथ साझा की। बैठक के दौरान महाविद्यालय के विकास हेतु सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किये गये, जिसमें महाविद्यालय में डिजीटल क्लासरूम हेतु आर्थिक मद जुटाने के सम्बंध में चर्चा की गई।

बैठक में विद्यार्थी हित के लिए ऑनलाइन ई-कंटेंट जारी करने के सम्बंध में प्राचार्य महोदय ने संकाय-सदस्यों को दिशा-निर्देश जारी किये एवं कोविड की परिस्थितियों में सुधार के मद्देनजर निकट भविष्य में होने वाली विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक के अंत में महाविद्यालय विकास समिति के अंतर्गत कार्यरत महाविद्यालय परिवार के सदस्य श्री सुजान सिंह राठौड़ को भावपूर्ण श्रद्धांजली दी गई जिनका असामयिक निधन कोविड-19 के संक्रमण से हो गया था और इसी के साथ बैठक का समापन किया गया।

अनुमोदित
[signature] 11.10.2021

# बैठक की कार्यवाही का विवरण

(10.10.2021)

आज दिनांक 10.10.2021 को दोपहर 11 बजे कक्ष संख्या 06 में स्टोफ कौंसिल की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें निम्न सदस्यगण उपस्थित रहे -

1. डॉ. एस. के. सैनी (प्राचार्य)
2. श्री श्रीराम सैनी RSaini
3. श्री धीरज सक्सेना
4. श्री मनोज कुदना मनोज
5. श्री अनिल कुमार सैनी ASaini
6. श्री महावीर प्रसाद MPSingh

बैठक का प्रारंभ प्राचार्य डॉ. एस. के. सैनी के द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य मुद्दा कोविड-19 के प्रोटोकाल के मद्देनजर सफलतापूर्वक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं का आयोजन करना है। प्राचार्य महोदय ने परीक्षा के दौरान सख्त अनुशासन बरतने को लेकर दिशा-निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की कोई नकल जैसी घटना न हो। सुपरवाईजर व उड़न दस्ता में शामिल संकाय सदस्यों को भी सख्ती से नियमों की पालना के निर्देश दिये गये।

इस संबंध में संकाय सदस्यों के सवालों एवं मार्गदर्शन से संबंधित बातों का भी प्राचार्य महोदय ने जवाब दिए एवं साथ ही विद्यार्थियों को मास्क, सामाजिक दूरी एवं हाथों के सेनेटाइजेशन के नियमों की पालना करवाने के भी निर्देश दिए।

बैठक के अंत में प्राचार्य महोदय ने परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए संकाय सदस्यों को अग्रिम शुभकामनाऐं दी एवं धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया।

अनुमोदित

10.10.2021

# बैठक की कार्यवाही का विवरण

(01.07.2022)

आज दिनांक 01.07.2022 को प्रातः 11 बजे कक्षा संख्या 01 में स्टाफ कौंसिल की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें निम्न सदस्यगण उपस्थित रहे -

1. डॉ. एस. के. सैनी (प्राचार्य) [signature]
2. श्री श्रीराम सैनी [signature]
3. श्री धीरज सक्सैना [signature]
4. श्री अनिल कुमार सैनी [signature]
5. डॉ. महावीर प्रसाद [signature]

बैठक का प्रारंभ प्राचार्य द्वारा एस. के. सैनी द्वारा नये सत्र की शुभकामनाओं के साथ हुआ। बैठक का मुख्य मुद्दा शीघ्र आयोजित की जाने वाली विश्वविद्यालय की परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन करना था।

इस संबंध में प्राचार्य महोदय ने परीक्षा संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश संकाय सदस्यों को दिये एवं अनुशासन बनाये रखने के सख्त निर्देश दिए ताकि परीक्षा का आयोजन बिना किसी नकल के हो और ऐसे मामले न हो।

प्राचार्य महोदय ने संकाय सदस्यों से वार्तालाप कर विस्तृत वृक्षारोपण कार्यक्रम महाविद्यालय में लागू करने को कहा ताकि ग्रीन कैम्पस का विकास हो पाये एवं PAC के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिये।

बैठक के अंत में प्राचार्य महोदय ने परीक्षाओं के सफल संचालन व बेहतर आपसी समन्वय को लेकर सभी संकाय सदस्यों को अग्रिम शुभकामनायें दी एवं धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया।

अनुमोदित
[signature]
01.07.2022

# बैठक की कार्यवाही का विवरण

01.07.2023

आज दिनांक 01/07/2023 को प्रातः 11 बजे कक्षा सं. 1 (प्राचार्य कक्ष) में स्टॉफ कौंसिल की बैठक का आयोजन किया गया, जिनमें निम्न सदस्य गण उपस्थित रहे -

1. प्रो.(डॉ.) एस. के. सैनी (प्राचार्य) - [signature]
2. डॉ. श्रीराम सैनी - [signature]
3. श्री धीरज सक्सेना - [signature]
4. डॉ. अनिल कुमार सैनी - [signature]
5. श्रीमती अपूर्वा शर्मा - [signature]

बैठक का प्रारंभ प्राचार्य डॉ. एस. के. सैनी द्वारा नये सत्र की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

बैठक में निम्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई :-

1. सघन वृक्षारोपण
2. विद्यार्थियों की उपस्थिति को अधिकाधिक सुनिश्चित करना,
3. आगामी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं का सफल संचालन
4. बाहरी विधि कॉलेज के विद्यार्थियों का नियमित रूप से कक्षाओं में भाग लेने बाबत,
5. पूर्व छात्र परिषद् के पंजीकरण के संबंध में।

उपर्युक्त मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा के साथ बैठक का ~~अंत~~ समापन प्राचार्य महोदय के धन्यवाद के साथ हुआ।